1983 में एक प्रस्ताव भेजा था। चूंकि यह प्रस्ताव अपेक्षित मानदंडों की पूर्ति नहीं करता था, पर्यटन विभाग को स्वीकार्य नहीं था।

लाहौल स्थिति पर चीन के नापाक इरादों का समाचार

2677. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार का ध्यान "पांचजन्य" साप्ताहिक पत्र में "लाहौल स्थिति पर चीन की नजर" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है, यदि हां, तो क्या इस मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं और यदि हां, तो उक्त क्षेत्र की रक्षा करने और तिब्बत और चीन के घुसपैठियों को निर्वासित करने तथा तस्करों की गतिविधियों को रोकने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) : जी हां, श्रीमान। सरकार को इस समस्या की जानकारी है। इस मामले में सभी संबंधित पक्षों को उपयुक्त निदेश दे दिये गये हैं।

Probe against Minister's P.As.

2678. SHRI ADINARAYANA REDDY: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state;

(a) whether Government's attention has been drawn, towards the news item which appeared in the 'Hindustan Times' of 3rd July, 1985 to the effect that probe against P.As. of four Ministers is to be made; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE lN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): (a) Yes, Sir.

(b) No such probe is in hand. 956

RS—4

ग्वालियर स्थित मान-मंदिर का अनुरक्षण

2679. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि ग्वालियर स्थित मान-मंदिर के बेस्टन क्रमांक 3 में दरारें पड़ गई हैं और उसके बहुत से पत्थर चूर-चूर हो रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसका अनुरक्षण करने के लिये सरकार का क्या कदम उठाने का विचार है, और कब तक ?

कार्मिक और प्रशिक्षण, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय और संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव): (क) जी, हां।

(ख) बुर्ज को, सहारा देने की दृष्टि से चट्टान के चबूतरे को बढ़ाकर उसे बल प्रदान किया जायगा और दरार की पिलाई की जायेगी। यह कार्य वर्षा काल के बाद शुरू किया जायगा।

राजस्थान में विमान सेवाएं

2680. श्री भंवरलाल पंवार : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में विद्यमान विमान-सेवाओं का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) राजस्थान में किन-किन स्थानों पर हवाई पट्टी की सुविधायें उपलब्ध हैं और उनका इस समय क्या उपयोग किया जा रहा है ;

(ग) क्या सोजत में कोई हवाई पट्टी बनी हुई है ?

(घ) क्या उसका उपयोग किया जा रहा है ; और